तापमान

अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 16.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 24 अप्रैल 2025

12 कृषि मंत्री ने मंडियों का किया औचक निरीक्षण



12 पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर लगने से व्यक्ति की मौत

**पानीपत।** गांव सिवाह के पास जीटी रोड पर बने पुल पर तेज रफ्तार कार ने पीछे से वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में वाहन चालक सतपाल निवासी न्यू रोशन पुरा, नजफगढ़ नई दिल्ली की मौत हो गई। सतपाल अपने वाहन में सब्जियां लाद कर दिल्ली से कुरूक्षेत्र जा रहा था। सेक्टर 29 थाना पुलिस ने अजय कुमार निवासी दिल्ली की शिकायत पर कार के अज्ञात चालक पर गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंदिर में आई महिला श्रद्धालु की चेन चोरी

**पानीपत।** पानीपत के प्राचीन देवी मंदिर में कथा सुनने आई दर्शना भारद्वाज पत्नी राम रतन निवासी हुडा सेक्टर छह, पानीपत के गले से तीन लाख रूपये कीमत की सोने की चेन चोरी हो गई। घटना उस वक्त हुई, जब दर्शना आरती में शामिल हुई थी। इधर, तहसील कैंप थाना पुलिस ने रामरतन की शिकायत पर अज्ञात लोगों पर चोरी के आरोप में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस चोर की शिनाख्त के लिए मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

### नकदी व मोबाइल फोन चोर को किया गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने ज्योति कॉलोनी में किराये पर निवास कर रहे चेल्ला स्वामी मूल निवासी तुच्चापेस्मपदूर मथूराई तमिलनाडू से मोबाइल व नगदी चोरी करने वाले शातिर चोर साहिल पुत्र अतर सिंह निवासी गांव कोहंड जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि आरोपी से पुलिस ने चोरी किए गए चार मोबाइल फोन बरामद किया है। वहीं इस मामले में थाना सेक्टर 13/17 में चेल्ला स्वामी की शिकायत पर केस दर्ज है।

### साढ़े आठ किलो गांजे के साथ तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने गांव सिवाह स्टेडियम के पास से धर्मेंद्र पुत्र रणधीर निवासी गांव जवाहरा जिला सोनीपत को नशा तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया और इसके पास से 8 किलो 500 ग्राम गांजा बरामद किया। वहीं, इसके साथियों को पकड़ने के लिए आरोपी को न्यायालय से तीन दिन के रिमांड पर लिया है।

### छह लाख लेकर भागा मैरिज पैलेस मालिक

**पानीपत।** गांव गांजबड के रकबे में स्थित श्याम पैलेस के संचालक रवि वधवा पर आरोप है कि उन्होंने गांव नंगला पार निवासी परीक्षित से छह लाख रूपये लेने के बावजूद उनकी बहन की शादी में बारातियों के लिए भोजन, विवाह आदि का प्रबंध नहीं किया। लड़की पक्ष को बारातियों और रिश्तेदारों के सामने बेइज्जत होना पड़ा। इधर, लड़की पक्ष ने मौके पर खाने की व्यवस्था की। इधर, थाना सदर पुलिस ने रवि वधवा पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्वास्थ्य मंत्री ने जिला नागरिक अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

# प्रदेश में 777 नए चिकित्सकों की जल्द की जाएगी भर्ती : आरती राव

### आरती राव ने जांची अस्पताल में व्यवस्थाएं दिए दिशा-निर्देश

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

- प्रसूति वार्ड में नवजात बच्चों की माताओं से हालचाल पूछा

हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने आज बुधवार को सिविल अस्पताल यमुनानगर का औचक निरीक्षण किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने औचक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सुविधाओं, दवाइयों, वहां पर मौजूद स्टाफ, उपलब्ध उपकरणों व वार्डों सहित अन्य प्रबन्धों बारे सिविल सर्जन से जानकारी हासिल की। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव बुधवार सुबह अचानक जिला नागरिक अस्पताल यमुनानगर में पहुंच गई।

उन्होंने अस्पताल में आए मरीजों से भी बातचीत की और यहां पर प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में उनसे जानकारी हासिल की। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने ट्रामा सेंटर, स्त्री रोग विभाग, बाल रोग विभाग, प्रसूति कक्ष, महिला सर्जिकल वार्ड, आईसीयू, प्राइवेट वार्ड, ब्लड बैंक, विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई, एएनएल रूम, मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति कार्यक्रम, पंचकर्म चिकित्सा पद्धति, फिजियोथेरेपी सहित लगभग सभी विभागों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में मौजूद दवाइयों के बारे में भी जानकारी हासिल की। उन्होंने प्रसूति वार्ड में पहुंचकर जच्चा व बच्चा का हाल चाल पूछा तथा नवजात बच्चों की माताओं को बधाई भी दी।



**यमुनानगर।** जिला नागरिक अस्पताल में औचक निरीक्षण के दौरान सभी विभागों के हाजिरी रजिस्टरों की जांच करते हुए स्वास्थ्य मंत्री आरती राव।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में 777 नए चिकित्सकों की भर्ती जल्द ही की जाएगी। उनकी पूरी कोशिश है कि राज्य में अच्छे अस्पताल बने और डॉक्टरों की पूरी संख्या हो तथा नागरिकों को सभी चिकित्सा सुविधाएं राजकीय अस्पतालों के माध्यम से दी जाएं। इस प्रकार के औचक निरीक्षण करने का मुख्य मकसद धरातल पर पहुंचकर जो भी कमियां या जरूरतें हैं उनकी वास्तविकता के बारे में पता लगाना है ताकि उन पर सही प्रकार से काम किया जा सके। उन्होंने अस्पताल भवन की टाइलें गिरने के सवाल पर लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता से इस कार्य को तुरंत ठीक करने तथा ट्रामा सेंटर का कार्य भी जल्द पूरा करने बारे निर्देश दिए।

#### रजिस्टर चैक किए

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव ने अस्पताल के सभी विभागों के हाजिरी रजिस्टर भी चैक किए तथा उपस्थित चिकित्सकों व स्टाफ के बारे में जानकारी हासिल की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में प्रदेश में 561 चिकित्सकों की भर्ती की गई हैं। जिनमें से 12 चिकित्सक यमुनानगर में भी आए हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए सिक्योरिटी गार्ड की कमी को पूरा किया जाएगा। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. पूनम चौधरी, पीएमओ डॉ. नवजोत कौर टिवाणा, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, डॉ. चारू कालड़ा व डॉ. नवीन शर्मा आदि मौजूद रहे।

## पंचायत का ऐतिहासिक फैसला

# किन्नरों को मिलेगी 1100 से 2100 रुपये तक बधाई

- किन्नरों की मनमानी रोकने के लिए लिया कड़ा फैसला
- राजोखेड़ी के लोगों ने सामाजिक सुधार के लिए जताई खुशी

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा**

उपमंडल के गांव राजोखेड़ी की पंचायत ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाया है। गांव में अब किसी भी खुशी के मौके पर बधाई देने के नाम पर 'किन्नर वाणिक' के द्वारा जबरन वसूली करने पर पंचायत की ओर से लगाम लगाई गई है।

इस बारे में वर्तमान पंचायत द्वारा सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि अब गांव में किन्नरों को बधाई के नाम पर मुहमांगी रकम नहीं मिल पाएगी। गांव की पंचायत ने इस बारे में सर्व सम्मति से बैठक कर यह प्रस्ताव पास किया है कि गांव में बधाई के लिए आने वाले किन्नरों को 1100 से 2100 रूपए तक का ही शगुन दिया जाएगा। इसके लिए गांव की पंचायत ने बाकायदा गांव की मुख्य सड़कों पर बोर्ड भी लगवाए हैं जिस पर यह संदेश लिखवाया गया है। सरपंच राजिंदर कौर ने मीडिया को बताया कि पंचायत ने यह निर्णय किन्नरों की जबरन वसूली को देखते हुए व गांव में शांति, व्यवस्था और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से लिया है। इस बारे में गांव के बाहर सूचना पट्ट भी लगाए गए है।




राजोखेड़ी की सड़क पर लगा बोर्ड।

इसके इलावा इन सूचना पट्टों पर यह भी लिखा गया है कि गांव के किसी भी सार्वजनिक स्थान पर नशा करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। सरपंच राजिंदर कौर के नेतृत्व में गांव में बहुत ही अच्छे काम हो रहे है। ग्रामीणों की मानें तो पंचायत ने जो यह निर्णय लिया है गांववासियों ने इस कदम को सामाजिक सुधार की दिशा में एक साहसिक पहल बताया है। यह पहल अनावश्यक आर्थिक बोझ से लोगों को राहत दिलाएगी।

# दो बाइकों की भिड़ंत में एक युवक की मौत, दो घायल

- यमुनानगर-जगाधरी रोड पर सहकारी समिति के पास हादसा

**यमुनानगर।** यमुनानगर-जगाधरी रोड पर केंद्रीय सहकारी समिति के पास देर शाम दो बाइकों का भिडंत में एक चालक की मौत हो गई जबकि दूसरी बाइक पर सवार चालक व उसके पीछे बैठक लड़का घायल हो गए। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया।

चोपड़ा गार्डन निवासी अर्श कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पिता 52 वर्षीय सतीश कुमार शहर के प्यारा चौक स्थित गर्ग मोटर्स पर 35 साल से नौकरी कर रहा था। रात को नौ बजे वह काम से छुट्टी कर बाइक पर घर आ रहा था। जब वह यमुनानगर-जगाधरी रोड पर केंद्रीय सहकारी समिति के के पास बने कट से चोपड़ा गार्डन की तरफ मुड़ने लगा तो तेज गति से बाइक लेकर आ रहे गांव दयालगढ़ निवासी देवकरण ने उसके पिता की बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में उसका पिता सतीश कुमार, देवकरण व उसकी बाइक के पीछे बैठा लड़का घायल हो गए। तीनों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसके पिता को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोनों घायलों का इलाज चल रहा है।

### अमेरिका भेजने का झांसा देकर 45 लाख रुपये ठगे

**पानीपत।** विकास नगर, एनएफएल क्षेत्र निवासी सुमन से उसके पुत्र अंशुल बलड़ा का अमेरिका का वीजा लगवाने के नाम पर 45 लाख की ठगी कर ली गई।

आरोपियों शेर सिंह व अनिल शर्मा निवासी गांव कैत जिला पानीपत ने सुमन से दो खाली चेक भी ले लिए हैं। आरोपियों ने सुमन को उनके पुत्र अंशुल के लिए छह महीने के अंदर वीजा देने का वादा किया था। वहीं, तीन साल बीत जाने के बाद भी शेर सिंह व अनिल शर्मा ने सुमन व अंशुल को न तो वीजा दिया और न ही नगदी वापस लौटाई। बार बार गुहार लगाने के बाद भी जब आरोपियों ने सुमन व उसके पुत्र अंशुल बलडा की सुनवाई नहीं की तो सुमन ने न्याय के लिए पुलिस से शिकायत की।

# डायाफ्राम वाल का निर्माण जल्द करें पूरा : श्रुति

- हथनीकुंड बैराज पर बन रहे डायाफ्राम वाल के नक्शे का अवलोकन किया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

हरियाणा की सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रूति चौधरी ने हथनीकुंड बैराज पर चल रहे डायाफ्राम वाल के निर्माण कार्य को बरसात का सीजन शुरु होने से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने हमीदा हैड नहर पर चल रहे ब्रिज के कार्य का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सिंचाई मंत्री श्रूति चौधरी ने कहा कि बरसात के सीजन से पहले डायाफ्राम वाल का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में हर संभव पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने डायाफ्राम वाल के निर्माण कार्य के धीमी गति से किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को जल्द से जल्द काम पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को मशीनरी की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। हथनीकुंड बैराज हरियाणा उत्तर प्रदेश दिल्ली और राजस्थान के लिए महत्वपूर्ण है। वहीं, यह बाढ़ की दृष्टि से भी काफी संवेदनशील है। सिंचाई मंत्री ने अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि कार्य में कोई कोताही न बरतें। डायाफ्राम वाल का निर्माण 30 जून तक पूरा किया जाना था, मगर अभी धीमी गति से कार्य चल रहा है। सिंचाई मंत्री ने पश्चिमी यमुना नहर पर हमीदा हैड के ब्रिज पर चल रहे निर्माण कार्य का भी निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, ईआईसी आई एंड डब्ल्यूआरडी हरियाणा राकेश चौहान, नितेश जैन, छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार, सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता आरएस मित्तल, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता विजय गर्ग आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी हथनीकुंड बैराज पर चल रहे डायाफ्राम वाल के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते हुए।

# आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर लगाया जाम

- मृतक युवक के परिजनों को जल्द गिरफ्तार करने का दिया आश्वासन, खुलवाया जाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा**

नाबालिग द्वारा आत्महत्या मामले में काफी संख्या में लोगों ने मिलकर कई घंटे तक जाम लगाकर प्रदर्शन किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

बीते मंगलवार नन्द कालोनी पिहोवा में दसवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक नाबालिग छात्र अस्मित ने अपने ही घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक छात्र के पिता संजीव कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाते हुए बताया कि सुनील शर्मा नन्द कालोनी पिहोवा में उसका पड़ोसी है। बीते 21 अप्रैल 2025 को उसने अस्मित को अपने घर बुलाया था और उसके घर पर सुनील शर्मा व उसकी पत्नी ने शिकायतकर्ता की पत्नी व एक अन्य युवक के सामने उसके बेटे को डराया धमकाया और उस पर आरोप लगाए थे। उसका बेटा उससे बहुत ज्यादा आहत हुआ और 22 अप्रैल को स्कूल ही नहीं गया। दोपहर के समय उसने घर में ही पंखे से फंदा लटकाकर फांसी ले ली। इसके लिए सुनील शर्मा व उसकी पत्नी जिम्मेवार है। बुधवार को अभी मृतक छात्र का शव पिहोवा भी नहीं पहुंचा था कि काफी संख्या में मृतक के परिजन व रिश्तेदार इकट्ठा होकर भगवान परशु राम चौक पर पहुंचे और जाम लगा दिया। प्रदर्शनकारियों में आक्रोश बढ़ते देख आईपीएस ओमप्रकाश डीएसपी कुरूक्षेत्र मौके पर पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों व मृतक बच्चे के परिजनों से बातचीत की व उन्हें आश्वासन दिया कि जल्द ही शाम तक वे आरोपियों की गिरफ्तारी करेंगे। कड़े प्रयासों के बाद आखिर प्रदर्शनकारी धरना प्रदर्शन खत्म करने को मान गए।



**पिहोवा।** मेन चौक पर जाम लगाते लोग।

# हिताक्षी व तनुश्री ने जीती रनिंग ट्रॉफी

- एमडीएसडी कॉलेज में भाषण एवं कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला**

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज के हिंदी विभाग में साहित्यिक परिषद द्वारा राष्ट्रीय स्तरीय सुदर्शन कुमार बंसल मेमोरियल भाषण एवं चमन लाल अग्रवाल मेमोरियल कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनुभव अग्रवाल एवं हिमांशु अग्रवाल उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों के मध्य जाकर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, समाज समानता, अपने लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कहा।



**अंबाला।** प्रतियोगिता के विजेता छात्र शिक्षकों के साथ।

सुदर्शन कुमार बंसल मेमोरियल भाषण प्रतियोगिता में रनिंग ट्राफी के विजेता एसडी कॉलेज अंबाला छावनी की छात्रा हिताक्षी और तनुश्री रही। प्रथम स्थान पर जीएमएन कॉलेज से प्रगति रही। द्वितीय स्थान सीआरएस यूनिवर्सिटी जींद के सचिन को मिला। तृतीय स्थान अंबाला छावनी के सरकारी कॉलेज की स्वाति को मिला। एमडीएसडी कॉलेज की शालू को भी तीसरा स्थान मिला। चमन लाल अग्रवाल मेमोरियल काव्य पाठ प्रतियोगिता में रनिंग ट्रॉफी अंबाला छावनी के सरकारी कॉलेज की छात्रा खुशी गर्ग और लविका वर्मा को मिली। प्रथम स्थान पर आर्य कॉलेज पानीपत की खुशबू रही।

## भाजपा जिला कार्यालय में जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन

# वक्फ विधेयक से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी : हुसैन

- भाजपा के वक्फ संशोधन प्रदेश सह संयोजक मेराज हुसैन साबरीव रहे मुख्यातिथि

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

भारतीय जनता पार्टी वक्फ संशोधन के प्रदेश सह संयोजक मेराज हुसैन साबरीव ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक के बनने से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी।

उन्होंने उक्त शब्द बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में वक्फ बिल कानून के बारे में मुस्लिम अल्पसंख्यक समाज के लोगों को जागरूक करने के लिए आयोजित जिलास्तरीय संगोष्ठी में बतौर मुख्यातिथि कहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने की। मौके पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमान ने विशिष्ठ अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्यातिथि एवं भाजपा के वक्फ संशोधन प्रदेश सह संयोजक मेराज हुसैन साबरीव ने कहा कि पूर्व की कांग्रेस की सरकारों ने वक्फ प्रणाली के जरिए संवैधानिक अधिकारों को कमजोर करने का काम किया। पीएम नरेंद्र मोदी भाजपा सरकार द्वारा वक्फ बोर्ड में सुधार मुस्लिम बहनों-भाइयों के लिए सकारात्मक साबित होंगे। ये सुधार विशेषत गरीब मुसलमानों, मुस्लिम महिलाओं और पश्मांदा मुसलमानों के लिए लाभकारी सिद्ध होंगे।

देश के विकास के लिए सभी मुस्लिम समाज के लोगों को इस सुधार का समर्थन करना चाहिए। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश महामंत्री सिकंदर सलमान ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक-2025 से भ्रष्टाचार पर रोक लगेगी और गरीब का हक सिर्फ गरीब को ही मिलेगा। यह कानून मुसलमानों के खिलाफ नहीं है।




**यमुनानगर।** भाजपा जिला कार्यालय में संगोष्ठी को संबोधित करते मुख्यवक्ता।

#### महत्वपूर्ण कदम

उन्होंने बताया कि वक्फ संशोधन विधेयक भाजपा सरकार द्वारा बहुत सोच-समझकर लाया गया है। यह किसी के खिलाफ नहीं है। बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग इससे संतुष्ट हैं। जिला संयोजक सुरेन्द्र बनकट ने कहा कि मोदी सरकार ने नागरिकों के लिए संपत्ति के अधिकारों की रक्षा करने के महत्वपूर्ण कदम उठाया है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष इरफान खान ने कहा कि वक्फ की आड़ में जो लोग मनमानी करते थे अब उनकी मनमानी पर लगाम लगेगी और गरीब लोगों तक वक्फ का लाभ पहुंचेगा।

### कुवि ने घोषित किए 12 परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा ने 12 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए हैं। दिसम्बर 2024 में आयोजित एलएलएम तृतीय सेमेस्टर नॉन-सीबीसीएस, बीएड (विशेष) एचआई प्रथम सेमेस्टर, एमएससी (इलेक्ट्रॉनिक्स) प्रथम सेमेस्टर एनईपी/नॉन-एनईपी व तृतीय सेमेस्टर नॉन-एनईपी, एमबीए पंचवर्षीय 5वां सेमेस्टर एनईपी, 9वां सेमेस्टर नॉन-एनईपी, 7वां सेमेस्टर नॉन-एनईपी का परिणाम घोषित किया है।

एमए (दर्शनशास्त्र) प्रथम सेमेस्टर एनईपी, एमएससी (टेक्नोलॉजी एप्लाइड जियो-फिजिक्स) प्रथम सेमेस्टर नॉन-एनईपी, बीबीए (ऑनर्स) तृतीय सेमेस्टर नॉन-एनईपी, एमटेक तृतीय सेमेस्टर मैकेनिकल (एमई, एमएस, एमटी, आईपीई) तथा मई 2024 के एमए (दर्शनशास्त्र) भाग-1 का परिणाम घोषित किया है।

# होटल में बुलाकर महिला के साथ किया दुष्कर्म

- पुलिस ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ किया केस दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर**

थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला के साथ व्यक्ति ने नशे की हालत में यमुनानगर के एक होटल में दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार थाना छप्पर क्षेत्र के एक गांव निवासी 29 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गुरनाम सिंह के साथ जान पहचान थी। तीन अप्रैल को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए यमुनानगर आई तो आरोपी उसे वर्कशॉप रोड स्थित एक होटल में लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे शाम के तीन बजे से रात के 11 बजे तक रखा। आरोपी ने नशा किया हुआ था। आरोपी ने नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसके बाद आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर छोड़कर चला गया। उसने डर के कारण घटना के बारे में किसी को नहीं बताया। मगर इसके बाद फिर से आरोपी उसके साथ संबंध बनाने का प्रयास करने लगा। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी गुरनाम सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# पहलगांव आतंकी हमले के विरोध में हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन

## प्रदर्शन के बाद हिंदू संगठनों के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के नाम मौके पर मौजूद एसडीएम सोनू राम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पहलगांव में हुए आतंकी हमले के विरोध में और फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप द्वारा ब्राह्मण समाज के प्रति की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सर्व समाज के बैनर तले हिंदू संगठनों के सदस्यों ने प्रधानमंत्री के नाम मौके पर मौजूद उपमंडल अधिकारी सोनू राम को ज्ञापन सौंपकर पहलगांव के आतंकी हमले के दोषियों और ब्राह्मण समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी करने के लिए अनुराग कश्यप पर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

- हिंदू संगठनों के सदस्यों ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यव द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी की भी कड़ी निंदा की



बुधवार सुबह सर्व समाज के बैनर तले जिले भर के विभिन्न हिंदू संगठनों के प्रतिनिधि जिला सचिवालय के समक्ष एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान उन्होंने आतंकी हमले में मौत का शिकार हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई और उनके परिवारों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने के लिए प्रभु से प्रार्थना की गई। मौके पर हिंदू संगठनों के प्रतिनिधियों का नेतृत्व कर रहे उदयवीर शास्त्री ने कहा कि पहलगांव में जो अमानवीय हमला हुआ है वह इंसानियत के साथ किया गया घोर अपराध है। उन्होंने कहा कि आतंकी हमले के दोषियों को सरकार द्वारा कड़ा सबक सिखाया जाना बेहद जरुरी है। शास्त्री ने कहा कि आतंकियों ने जिस तरह से पर्यटकों पर हमला किया है। अब भारत सरकार को इसका ऐसा जवाब देना चाहिए कि आने वाली उनकी नस्लें याद रखें। इनका पूरी तरह से सफाया किया जाना बेहद जरूरी है। ताकि भविष्य में यहां ऐसा कोई अपराध करने की सोच भी ना रख सके। हिंदू संगठनों के सदस्यों ने केंद्र सरकार से इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को उचित मुआवज दिए जाने और कश्मीर में सुरक्षा प्रबंध और मजबूत किए जाने की मांग की। मौके पर हिंदू संगठन के सदस्यों ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी को हिंदू धर्म को बांटने की साजिश करार दिया है। उन्होंने अनुराग कश्यप द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि उनके माफी मांगने का तरीका भी इस बात को दर्शाता है कि उनकी माफी भी माफ करने योग्य नहीं है।

उन्होंने कहा कि समय समय पर फिल्म उद्योग में हिंदू देवी देवताओं और हिंदुओं के धर्म को लेकर तरह तरह का उपहास किया जाता है और निम्न स्तर के प्रकरण भी दिखाए जाते हैं। यह एक संयोजित ढंग से हिन्दू धर्म को बदनाम करने का षड्यंत्र है जो हिंदुओं के खिलाफ किया जाता है। हिंदू संगठन के सदस्यों सतीश शर्मा आदि ने कहा कि इसे हिंदू समाज बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

### हमले के पीड़ित परिवारों को मुआवजा मिले

हिंदू संगठनों के सदस्यों ने केंद्र सरकार से इस हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को उचित मुआवजा दिए जाने और कश्मीर में सुरक्षा प्रबंध और मजबूत किए जाने की मांग की। मौके पर हिंदू संगठन के सदस्यों ने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप के द्वारा ब्राह्मण समाज पर की गई अभद्र टिप्पणी को हिंदू धर्म को बांटने की साजिश करार दिया है। उन्होंने अनुराग कश्यप द्वारा की गई अभद्र टिप्पणी की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि उनके माफी मांगने का तरीका भी इस बात को दर्शाता है कि उनकी माफी भी माफ करने योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि समय समय पर फिल्म उद्योग में हिंदू देवी देवताओं और हिंदुओं के धर्म को लेकर तरह तरह का उपहास किया जाता है और निम्न स्तर के प्रकरण भी दिखाए जाते हैं। यह एक संयोजित ढंग से हिन्दू धर्म को बदनाम करने का षड्यंत्र है जो हिंदुओं के खिलाफ किया जाता है। हिंदू संगठन के सदस्यों सतीश शर्मा आदि ने कहा कि इसे हिंदू समाज बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगा।

## खबर संक्षेप

### ताहरपुर के जंगल से खैर के पांच पेड़ चोरी

**यमुनानगर।** खैर तस्करों ने गांव ताहरपुर के जंगल से खैर के पांच पेड़ काटकर चोरी कर लिए। कोट बीट के इंचार्ज वन रक्षक अंकित कुमार ने बताया कि सूचना मिली थी कि गांव ताहरपुर के जंगल से तस्कर खैर के पेड़ काट रहे हैं। जांच की तो जंगल से से पांच खैर के पेड़ कटे मिले। यह खैर के पेड़ गांव फकीर माजरा निवासी खैर तस्कर रिजवान, असलम, सबनूर, समीम, मतलूब और पिंद्र ने काटकर चोरी किए हैं।

### ढाबे से महिला के दस हजार व मोबाइल चोरी

**यमुनानगर।** बूड़िया थाना क्षेत्र के गांव भोगपुर स्थित ढाबे से महिला का मोबाइल चोरी हो गया। मोबाइल कवर में दस हजार की नकदी भी थी। महिला ने ढाबे पर चाय पीने आए तीन युवकों पर आरोप लगाया है। कनालसी गांव निवासी सुखबीर कौर ने बताया कि वह भोगपुर गांव में ढाबा चलाती है। मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे ढाबे पर तीन युवक बाइक पर आए। उन्होंने चाय बनाने को कहा। वह चाय बनाने में व्यस्त हो गई। तभी तीनों वहां से चले गए। उनके जाने के बाद काउंटर के पास मोबाइल गायब था।

### फैक्टरी से पीतल का चक्का चोरी, केस दर्ज

**यमुनानगर।** केसर नगर निवासी जगजीत सिंह ने पुलिस को बताया कि उसकी केसर नगर में जीएस इंटरप्राइजिज के नाम से फैक्टरी है। रात दस बजे वह फैक्टरी से अपने घर चला गया था। सुबह सात बजे फैक्टरी आया तो वहां से 35 किलो पीतल का चक्का गायब था।

## अनाज मंडी पहुंचे राज्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# फसल खरीद और लिफ्टिंग प्रक्रिया की नियमित करें मॉनिटरिंग: नागर

### राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार राजेश नागर ने जगाधरी व सरस्वती नगर अनाज मंडी का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



**यमुनानगर।** जगाधरी अनाज मंडी में निरीक्षण के दौरान गेहूं खरीद का जायजा लेते हुए राज्यमंत्री राजेश नागर। *फोटो: हरिभूमि।*



**यमुनानगर।** अनाज मंडियों में गेहूं खरीद में लगे अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता। *फोटो: हरिभूमि।*

प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले (स्वतंत्र प्रभार)राज्य मंत्री राजेश नागर ने अनाज मंडी सरस्वती नगर व जगाधरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खरीद एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों को गेहूं खरीद के साथ ही लिफ्टिंग प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने मार्केटिंग कमेटी के सचिव को मंडी में सफाई व किसानों के बैठने की व्यवस्था का समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

राज्य मंत्री राजेश नागर ने कहा कि चालू रबी सीजन के दौरान प्रदेश में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग, हैफेड, हरियाणा वेयर हाउस कॉरपोरेशन व एफसीआई द्वारा एक अप्रैल से अब तक 52 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीद की जा चुकी है और मंडियों से करीब साढ़े 23 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उठान हो चुका है। राज्यमंत्री राजेश नागर ने बताया कि अब तक प्रदेश में हरियाणा वेयर हाऊस कॉरपोरेशन द्वारा 5.93 लाख मीट्रिक टन से अधिक सरसों की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से 4.29 लाख मीट्रिक टन से अधिक सरसों का उठान मंडियों से हो चुका है। उन्होंने बताया कि यमुनानगर जिला की 13 मंडियों में गेहूं की खरीद सुचारु रुप से की जा रही है। राज्यमंत्री राजेश नागर ने जगाधरी अनाज मंडी में निरीक्ष के दौरान संबंधित अधिकारियों को अनाज मंडियों में पेयजल व्यवस्था, सफाई व शौचालय व्यवस्था, बिजली व्यवस्था आदि सुविधाओं का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए। ताकि किसानों को अपनी गेहूं की उपज को बेचने में किसी प्रकार की दिक्कत न आएं। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि मंडियों में सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हों ताकि गेहूं खरीद से जुड़े आढ़तियों, मंडियों में मजदूरों व किसानों को सभी सुविधाएं मिलें। इस अवसर पर डीएफएससी जतिन मित्तल, हैफेड मैनेजर मनीष कुमार, सचिव मार्किट कमेटी अवतार सिंह, इंस्पेक्टर सुखचैन, निरीक्षक कुमार गौरव, अक्षय अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### अनाज मंडियों में गेहूं की बोरियों के उठान में लाएं तेजी: उपायुक्त

**यमुनानगर।** जिला की अनाज मंडियों में गेहूं की खरीद में लगे एजेंसियों और संबंधित अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें गेहूं की खरीद व उठान को लेकर समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने खरीद एजेंसियों से जुड़े अधिकारियों को गेहूं खरीद के साथ ही उठान प्रक्रिया तेज करने के निर्देश दिए।

डीसी ने कहा कि मौसम में सुधार होने से अनाज मंडियों में गेहूं की आवक में वृद्धि होगी। इसे लेकर खरीद एजेंसियां अपनी पुख्ता तैयारी रखें। ताकि किसानों को अपनी फसल मंडी में लाने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो। गेहूं को अच्छी तरह से सुखा कर ही मंडियों में लाए जाने की अपील की। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला की मंडियों में 63 प्रतिशत गेहूं की लिफ्टिंग हो चुकी है। जगाधरी में 75 प्रतिशत, सरस्वती नगर में 75 प्रतिशत, छछरौली में 73 प्रतिशत व प्रतापनगर में 73 प्रतिशत गेहूं की लिफ्टिंग हो चुकी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन मंडियों में उठान प्रतिशत कम है वहां पर लेबर की संख्या बढ़ाई जाए तथा ट्रांसपोर्टेशन के लिए ट्रकों की संख्या में भी वृद्धि की जाए। ताकि वहां पर गेहूं के उठान में तेजी आ सके और किसानों को राहत मिले तथा मंडियों में भीड़ न हो।

उन्होंने बताया कि रादौर, गुमथला, जठलाना, यमुनानगर, बिलासपुर, साढौरा में लेबर और ट्रांसपोर्टेशन के लिए ट्रकों की संख्या भी बढ़ाई जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को तुरंत करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने बताया कि चालू सीजन में अभी तक जिला की विभिन्न अनाज मंडियों में कुल 2 लाख 12 हजार 347 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। जिसमें से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 70 हजार 288 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 1 लाख 16 हजार 395 मीट्रिक टन व हरियाणा वेयर हाउस कारपोरेशन द्वारा 25 हजार 664 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इस अवसर पर एसडीएम जगाधरी सोनू राम, एसडीएम बिलासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, डीएफएससी जतिन मित्तल, डीआईपीआरओ डॉ. मनोज कुमार, डीएम हैफेड शीशपाल गौरी आदि मौजूद रहे।



**यमुनानगर।** ससौली क्षेत्र में तालाब की अवलोकन करते तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण हरियाणा के सदस्य तेजिन्द्र सिंह तेजी। *फोटो: हरिभूमि।*

# जल प्रबंधन प्राधिकरण सदस्य ने ससौली तालाब का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

- निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों से की तालाब में कचरा नहीं फेंकने की अपील
- तालाब ओवरफ्लो की समस्या से परेशान रहते हैं ग्रामीण ओवरफ्लो होने पर पानी निकासी के होंगे पुख्ता प्रबंध

तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण हरियाणा के सदस्य तेजिन्द्र सिंह तेजी ने बुधवार को ससौली क्षेत्र के तालाब का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम के संबंधित अधिकारियों के साथ तालाब पर चल रहे विकास कार्य की समीक्षा की।

तेजिन्द्र सिंह तेजी ने बताया कि ससौली क्षेत्र के निवासी तालाब के ओवरफ्लो की वजह से परेशान थे। जिस पर तालाब प्राधिकरण ने संज्ञान लेते हुए तालाब के जीर्णोद्धार के लिए निर्देश दिए थे। नगर निगम के आयुक्त आयुष सिन्हा के मार्गदर्शन में इस तालाब के सौंदर्यीकरण का काम चल रहा है जोकि संतोषजनक है। तेजिंद्र सिंह ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि तालाब हमारी प्राचीन धरोहर है।

इन्हें सहेज कर रखना हम सबका दायित्व है। तालाब में कचरा न फेंके व न किसी को फेंकने दें। तालाब की स्वच्छता तभी संभव होगी जब उसमें आम जनमानस की भागीदारी सुनिश्चित होगी। तेजिन्द्र सिंह तेजी ने बताया कि कैच द रेन अभियान व अमृत सरोवर योजना के तहत प्रशासन ने तालाबों की सफाई करवा दी थी।

### घूमने के लिए बनेगा ट्रैक

जिसके कारण तालाब ओवरफ्लो नहीं हुए। फिर भी अगर कोई तालाब ओवरफ्लो होता है तो प्रशासन मुस्तैदी से पानी की निकासी का प्रबंधन करता है। इसके लिए सजग है। नगर निगम के एक्सईएन नरेन्द्र सुहाग ने बताया कि तालाब से गाद निकाली जा रही है। उसके बाद ठोस मिट्टी से किनारे बांधकर लोगों के घूमने के लिए ट्रैक बनाया जाएगा।

# फोटोग्राफी प्रतियोगिता में छात्रा स्नेहा प्रथम

**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज यमुनानगर में इंस्टीट्युशंस इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में वर्ल्ड क्रिएटिविटी डे के उपलक्ष्य में कंप्यूटर साइंस विभाग, जनसंचार विभाग, होम साइंस विभाग, फाइन आर्ट विभाग व फैशन डिजाइनिंग विभाग द्वारा कार्यशाला व विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने भाग लिया। अध्यक्षता आईसीसी कनवीनर विवेक ने की। विवेक ने बताया कि फोटोग्राफी प्रतियोगिता में बीए मॉस कम्यूनिकेशन अंतिम वर्ष की छात्रा स्नेहा ने पहला, बीए मॉस कम्यूनिकेशन प्रथम वर्ष की स्नेहा ने दूसरा, बीए मॉस कम्यूनिकेशन द्वितीय वर्ष की प्रिया ने तीसरा तथा बीए मॉस कम्यूनिकेशन अंतिम वर्ष की नंदिनी को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में बीए द्वितीय वर्ष की सेजल ने पहला, बीए अंतिम वर्ष की रागीनी ने दूसरा तथा बीए द्वितीय वर्ष की सुरभि ने तीसरा स्थान अर्जित किया। ईशा को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। क्रिएटिव राइटिंग प्रतियोगिता में बीए अंतिम वर्ष की टीना ने पहला, बीए अंग्रेजी ऑनर्स द्वितीय वर्ष की स्नेहा ने दूसरा तथा बीए प्रथम वर्ष की काजल ने तीसरा स्थान अर्जित किया। खुशबू व पलक को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। कुकिंग में बीएससी होम साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रियंका व शाइना को



डीएवी गर्ल्स कॉलेज में वर्ल्ड क्रिएटिविटी डे के उपलक्ष में आयोजित हुई प्रतियोगिताएं

प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। रितिका व शगुन को द्वितीय तथा प्रथम वर्ष की जसप्रीत व काजल को तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। एकल टीम में टिशा ने पहला, पलक ने दूसरा स्थान अर्जित किया। ज्वैलरी मेकिंग में बीए इंग्लिश ऑनर्स द्वितीय वर्ष की स्नेहा ने पहला, बीए द्वितीय वर्ष की आसमा ने दूसरा तथा बीए अर्थशास्त्र की हरमनप्रीप व इंग्लिश ऑनर्स की सलोनी को तीसरा पुरस्कार प्रदान किया गया। खुशी, प्रियंका व ज्योति को सांत्वना पुरस्कार से नवाजा गया। पोस्टर मेकिंग में ओजस्वी ने पहला, खुशी ने दूसरा तथा अदिति ने तीसरा स्थान अर्जित किया। कॉलेज प्रिंसीपल डॉ. सुरिंद्र कौर ने कहा कि हर व्यक्ति में क्रिएटिविटी होती है। बशर्ते उसे पहचानने की जरूरत है।

## 11 एकड़ में खड़ी फसल राख



**रादौर।** गांव गुमथला में बुधवार की सुबह अज्ञात कारणों से आग लगने पर लाखों रुपये की गेहूं, फाने, भूसा व कटी पड़ी गेहूं की फसल राख हो गई। यमुनानगर से 2 व इंद्री से एक फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची। घंटो की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। गांव के सैंकड़ों लोगों ने अपनी जान पर खेलकर आग बुझाने में मदद की। गांव गुमथला के पूर्व सरपंच सुरजीत सिंह भूरा ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग साढ़े 10 बजे अज्ञात कारणों के चलते गांव में आग लग गई। आग इतनी भयंकर थी कि आग लगने से गांव के सोमप्रकाश डाबर की 5 एकड़, सतीश धीमान की 3 एकड़, जयसिंह की आधा एकड़, मुनव्वर हसन की 3 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। वहीं धर्मपाल का 2 एकड़ का भूसा, श्याम सिंह के 6 एकड़ में खड़े फाने भी जलकर नष्ट हो गए।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव दसौरा का किया सर्वे, 6 पीलिया पीड़ित मिले

**यमुनानगर।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव दसौरा में पीलिया मामले की जांच के लिए सर्वे किया। गांव के 325 लोगों की जांच की गई। जिनमें छह मरीज पीलिया के मिले। इससे पहले भी टीम ने दसौरा गांव का सर्वे किया था। सिविल सर्जन यमुनानगर डॉ. पूनम चौधरी ने बताया कि दसौरा में स्वास्थ्य विभाग की टीम पीलिया के केस की जांच के लिए सर्वे किया है। इसमें जिला सर्विलेंस अधिकारी डॉ. वागीश गुटैन, महामारी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश शर्मा,डॉ. ईशान,अवतार सिंह, अजीत सिंह, एएनएम परमजीत व आशा वर्कर कुसुम आदि ने घर घर जाकर सर्वे किया गया।

### गंदा पानी पीने से होता है पीलिया

जिला सिविल सर्जन पूनम चौधरी ने बताया कि पीलिया की बीमारी गंदा पानी पीने के कारण होती है। इसलिए लोगों से अपील की जाती है कि पब्लिक हेल्थ की सप्लाई के पानी को उबालकर पीएं, बासी खाना ना खाएं, साफ. सफाई का ध्यान रखें, खाना खाने से पहले और शौच जाने के बाद हाथों को साबुन से अच्छे से धोएं और हेंडपम्प का पानी ना पिएं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. वागीश गुटैन ने पीलिया के लक्षण बताए। उन्होंने कहा कि आंखों, त्वचा व नाखून पीले पड़ जाना, उल्टी आना या अनुभूति होना, बुखार, पीला पेशाब आना,भूख न लगना, लीवर के आस पास दर्द होना, वजन घटना, कमजोरी व थकान महसूस होना आदि लक्षण हैं।

# ड्रोन के उपयोग से खेती को बनाया जा सकता है अधिक उत्पादक: अनमोल



यमुनानगर के ग्लोबल रिसर्च शिक्षण संस्थान में आयोजित वेबिनार में भाग लेते विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में बुधवार को भारत कौशल विकास अभियान के अंतर्गत स्किल एनहांसमेंट विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रुप में एवीपीएल इंटरनेशनल कंपनी के एग्जीक्यूटिव कॉर्डिनेटर अनमोल सिंह ने भाग लिया। अध्यक्षता मेकेनिकल विभागाध्यक्ष सुनील कुमार ने की। अनमोल ने कहा कि विद्यार्थियों को बताया कि संस्थान में एयरोविजन ड्रोन लैब बन रही है। जिसमें ड्रोन तकनीक, किसान ड्रोन ऑपरेशन व बैटरी सर्विस के बारे में विभिन्न कोर्सेज कराए जाएंगे। वेबिनार का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नई तकनीकों, आधुनिक सेवाओं के बारे में जागरूक करना रहा। जिनका आज के कृषि एवं तकनीकी क्षेत्र में अत्यधिक महत्व है। अनमोल सिंह ने ड्रोन सर्विस, किसान ड्रोन ऑपरेशन व बैटरी सर्विस से जुड़ी अहम जानकारियां विद्यार्थियों के साथ सांझा की। उन्होंने बताया कि कैसे ड्रोन तकनीक का उपयोग खेतों में कीटनाशक छिड़काव, सर्वे व निगरानी के लिए किया जा रहा है। खासतौर पर किसान ड्रोन के उपयोग से खेती को सस्ता, तेज व अधिक उत्पादक बनाया जा सकता है। उन्होंने ड्रोन बैटरियों की सर्विसिंग और मेंटेनेंस के व्यावसायिक अवसरों पर भी प्रकाश डाला।

## हाउस की पहली बैठक में 262.95 करोड़ का बजट पास

# ट्विन सिटी का तेजी से होगा विकास

- निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने हाउस की बैठक में आय व्यय का ब्यौरा दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर




**यमुनानगर।** नगर निगम की हाउस की पहली बैठक में बजट का ब्यौरा देते हुए निगमायुक्त आयुष सिन्हा। *फोटो: हरिभूमि*

नगर निगम यमुनानगर जगाधरी हाउस की पहली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मेयर सुमन बहमनी ने की। हाउस की आयोजित हुई पहली बैठक में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 262 करोड़ 95 लाख रुपये का बजट पास किया गया। इस बजट के पास होने से ट्विनसिटी के विकास में तीव्रता आएगी।

निगमायुक्त आयुष सिन्हा ने हाउस बैठक में निगम की आय व व्यय का ब्यौरा दिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम बजट में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अनुमानित आय बजट 258 करोड़ 77 हजार रुपये निर्धारित किया गया था। जिसे बढ़ाकर 262 करोड़ 95 लाख किया गया है। पिछले वर्ष की अपेक्षा इस बार चार करोड़ 18 लाख रुपये अधिक बजट रखा गया है। इसके अलावा अनुमानित खर्च 262 करोड़ 72 लाख रुपये निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष विभिन्न साधनों से नगर निगम को 250 करोड़ 86 लाख 26 हजार 489 रुपये की आय प्राप्त हुई है। इसके अलावा निगम की ओर से बीते वर्ष निगम के कार्यों पर खर्च के लिए 257.72 करोड़ का बजट तय किया गया था। निगम की ओर से विभिन्न कार्यों पर 139 करोड़ 90 लाख 46 हजार 359 रुपये खर्च किए गए। निगम आयुक्त आयुष सिन्हा ने बताया कि इस बार सबसे अधिक बजट शहर के विकास व सफाई को लेकर बनाया गया है। बजट पास होने से शहर में करवाए जा रहे करोड़ों रुपये के विकास कार्यों में तीव्रता आएगी।

सरकार की ओर से भी विभिन्न ग्रांटों के माध्यम से भी विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। बैठक के दौरान विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व अन्य पार्षदों ने स्टाम्प ड्यूटी, किराए व डेवलपमेंट चार्ज व अन्य में बेहतर कार्य करने पर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा की सराहना की।

# टास्क पूरा कर अधिक पैसे कमाने का लालच देकर ठगे 9.63 रुपये

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने टास्क पूरा कर अधिक पैसे कमाने का लालच देकर शहर की सिविल लाइन जगाधरी निवासी अभिषेक वर्मा से नौ लाख 63 हजार रुपये ठग लिए गए। अभिषेक गुडगांव स्थित आईटी कंपनी में काम करता है। अभिषेक वर्मा ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 अप्रैल को उसके मोबाइल पर दिव्या नाम की लड़की का वर्क फ्रोम होम के नाम से व्हाट्सएप मैसेज आया।

इसके बाद लड़की ने उसे लिंक भेजा। जिसे क्लिक करते ही वह एक टेलीग्राम गुरप से जुड गया। आरोपियों ने उसके अकाउंट में आठ सौ रुपये भेज दिए। फिर आरोपियों ने उसे पेड टास्क दिए। आरोपियों के कहने पर उनके अकाउंट में 10 हजार जमा करवा दिए। टास्क पूरा कर लिया। आरोपियों ने उसके अकाउंट में मुनाफे के 15 हजार डाल दिए। आरोपियों ने पेड टास्क देने के नाम पर अलग-अलग करके नौ लाख 63 हजार जमा कर करवा लिए। जब उसने आरोपियों से अपने मुनाफे के पैसे देने को कहा तो आरोपियों ने मना कर दिया। आरोपियों ने उसे दस लाख रुपये जमा करवाने को कहा। उसने आरोपियों को पैसे जमा करवाने से मना कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने उसे गुरप से रिमूव कर दिया। उसे जब अपने से ऑनलाइन साइबर ठगी का पता चला तो उसने आरोपियों के खिलाफ साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

# उठान में कोताही बरतने वाले ठेकेदारों को किया जाएगा ब्लैक लिस्टिड : श्याम सिंह राणा

- कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने पीपली-शाहबाद अनाज मंडी का किया दौरा
- किसानों की सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि अनाज मंडियों से उठान में कोताही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ सरकार सख्त एक्शन लेगी। नोटिस देने के बाद भी उठान तय समय पर नहीं हुआ तो ठेकेदार को ब्लैक लिस्टिड किया जाएगा। गेहूं खरीद कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ भी सीधी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए कि फसल बेचते समय मंडी में किसानों को किसी भी अव्यवस्था का सामना ना करना पड़े तथा सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर फसल खरीद सुनिश्चित हो। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा बुधवार को अनाज मंडी पिपली व शाहबाद में गेहूं खरीद व उठान की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए पहुंचे। उन्होंने अनाज मंडी में किसानों, आढ़तियों व अधिकारियों से बातचीत की। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को आढ़तियों द्वारा उठान को लेकर बताई समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। कृषि मंत्री ने मजदूर कंटीन व मार्केट कमेटी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि सरकार इस मामले में बेहद गंभीर और सर्तक है। सरकार इस मामले में गंभीरता से कार्य कर रही है।



कुरुक्षेत्र। अनाज मंडी में किसानों से बातचीत करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

## आगजनी की घटनाओं से फसल, पशुधन व अन्य नुकसान की भरपाई करेगी सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में पिछले कुछ दिनों में हुई आगजनी की घटनाओं से हुए फसलों, पशुधनों व अन्य प्रकार के नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। अभी तक प्रदेशभर से सरकार के पास लगभग 801 एकड़ में नुकसान की जानकारी मिली है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे इन घटनाओं की रिपोर्ट ले और नुकसान का आकलन करें। फसल के अलावा कुछ स्थानों पर किसानों के पशुधन की हानि या कोई अन्य नुकसान भी हुआ है, उसकी भरपाई भी सरकार करेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे उपायुक्त कार्यालय में जाकर अपने नुकसान के सम्बन्ध में आवेदन करें ताकि जल्द से जल्द मुआवजे का पैसा उनके खातों में डाला जा सके। सरकार किसानों के साथ है। ऐसे में किसानों को किसी प्रकार की चिंता करने की जरूरत नहीं है।

## किसानों को न आए कोई समस्या

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समय पर गेहूं की खरीद का उठान होना चाहिए तथा किसानों को किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आनी चाहिए। इस सीजन में अधिकारियों को विशेष हिदायत दी है कि वे उठान कार्य पर विशेष फोकस रखें ताकि व्यापारियों और किसानों को कोई समस्या न आए। किसानों की फसल का एक-एक दाना खरीदने के लिए व्यापक प्रबंध तथा समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पिपली अनाज मंड़ी में 2.46 लाख क्विंटल गेहूं की आवक हुई है, इसमें से 2.44 लाख क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है और 1.44 लाख क्विंटल लगभग 57 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में गेहूं खरीद व उठान का कार्य सुचारू रुप से चल रहा है। कहीं-कहीं उठान को लेकर शिकायतें मिली हैं।इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष तजिन्द्र सिंह गोल्डी, एसडीएम थानेसर अमन कुमार, मार्केट कमेटी पिपली सचिव गुरमीत सिंह सैनी, भाजपा जिला महामंत्री जसविन्द्र सैनी, मंडी प्रधान जोगिन्द्र रामगढ़ और तेजवीर सिंह, सोमपाल राणा, नरेन्द्र सिंह, धर्मपाल मथाना सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पुस्तकें हमें अपनी संस्कृति से जोड़ती : प्रो. संजीव



कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में पंजाबी विभाग द्वारा उस्ताती ए कवि साईं मियां मीर जी पुस्तक पर एक परिचर्चा में केयू पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. संजीव शर्मा ने बतौर मुख्य वक्ता कहा कि पुस्तकें हमें अपनी सभ्यता एवं संस्कृति से जोड़ने का कार्य करती है।

### रक्तदान शिविर का किया आयोजन



कुरुक्षेत्र। जाट सभा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा संत शिरोमणि धन्ना भक्त की 611वी जन्म तिथि के उपलक्ष मे रक्तदान शिविर का आयोजन कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय नॉन टीचिंग क्लब में किया गया। रक्तदान शिविर का आयोजन मेडिकल ऑफिसर लोक नायक जय प्रकाश हस्पताल, कुरुक्षेत्र की टीम की देख रेख में किया गया।

### प्रतियोगिताएं विकास में सहायक : प्रो. सुशीला

कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में केयू विधि संस्थान में जनजातीय गौरव दिवस एवं संविधान दिवस 2025 के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान के 75 वर्ष पर बौद्धिक एवं ज्ञानवर्धक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित हुई। इस अवसर विधि संस्थान की निदेशिका प्रो. सुशीला चौहान ने कहा कि प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक एवं बौद्धिक विकास में सहायक होती हैं। उन्होंने कहा कि यह क्विज प्रतियोगिता न केवल प्रतिभागियों की संवैधानिक समझ का परीक्षण था, बल्कि यह प्रतियोगिता भारत के संविधान से जनजातीय समुदायों की भूमिका के प्रति जागरूकता फैलाने का सशक्त माध्यम भी बनी।

## पहलगाम में हुए आंतकी हमले का जगह-जगह हो रहा विरोध

# आतंकवादियों का धर्म पूछकर टूरिस्टों को मारना कायरतापूर्ण घटना : अरोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर टूरिस्टों को करने की कड़ी निंदा करते हुए थानेसर के विधायक एवं पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा ने कहा कि यह कायरतापूर्ण घटना है। इस घटना की जितनी निंदा की जाए उतनी ही कम है। अरोड़ा अपने निवास स्थान पर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अशोक अरोड़ा ने कहा कि की सरकार को इस मामले को लेकर कर सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए और आतंकवादियों के विरुद्ध कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस घटना का मकसद देश में सांप्रदायिक दंगे करवाना है। सरकार को इस मामले को गंभीरता से लेना चाहिए। सभी पार्टियों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर आतंकवाद के मामले पर एकजुट होना चाहिए। आतंकवाद के खात्मे के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले में पहले ही चौकसी बरतनी चाहिए थी ताकि इस प्रकार की घटनाएं न हो।उन्होंने कहा कि यदि आज हमारी एजेंसी चौकस होती तो मरने वालों की जान बचाई जा सकती थी। मंगलवार को दिल्ली में आयोजित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के नेताओं की बैठक पर बोलते हुए अशोक अरोड़ा ने कहा कि देश की आजादी में कांग्रेस का बहुत बड़ा योगदान रहा है। आज देश का संविधान खतरे में है संवैधानिक संस्थाओं को तहस-नहस किया जा रहा है। देश के संविधान को बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी ने 40 दिन तक लगातार जनता के बीच जाकर लोगों को जागरूक करने का निर्णय लिया है।



### आतंक के खिलाफ भारत की आवाज एकजुट



डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा।

कुरुक्षेत्र। पहलगांव, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले को लेकर युवा नेता डॉ. जसविंदर सिंह खैहरा ने गहरा दुख और रोष व्यक्त किया है। इस नृशंस हमले में हमारे देश के निर्दोष नागरिकों की जान गई, जो वहां केवल घूमने और कश्मीर की खूबसूरती का आनंद लेने गए थे। उन्होंने कहा कि यह हमला न केवल मानवता पर, बल्कि देश की एकता और शांति पर सीधा प्रहार है। डॉ. खैहरा ने कहा, ह्लजो लोग वहां कश्मीर की वादियों में सुकून तलाशने गए थे, उन्हें गोलियों से भून देना कायरता की पराकाष्ठा है। इन निर्दोष भारतीयों की शहादत ने हमें झकझोर दिया है।

### बीपीकेएम ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

कुरुक्षेत्र। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत दिवस आतंकवादियों द्वारा सैलानियो की निर्ममता पूर्वक हत्या करने के विरोध में भारतीय पत्रकार कल्याण मंच रजि. राष्ट्रीय मुख्यालय कुरुक्षेत्र, हरियाणा पत्रकार कल्याण मंच, रजि. और कुरुक्षेत्र प्रेस क्लब के पदाधिकारियों और सदस्यों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन आश्री, राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, राष्ट्रीय सचिव सतनाम सिंह और कुरुक्षेत्र जिला अध्यक्ष अजय ठाकुर के नेतृत्व में राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। उपायुक्त नेहा सिंह के गैरमौजूदगी में थानेसर के एसडीएम अमन कुमार को यह ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान दो मिनट का मौन रख कर मृतकों को श्रद्धांजलि भी दी गई। ज्ञापन में 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम का भ्रमण करने पहुंचे लगभग 3 दर्जन निहत्थे सैलानियों की पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा निर्ममता पूर्वक हत्या करने एवम कई सैलानियों को गंभीर रूप से घायल करने की कठोर शब्दों में भर्त्सना की गई और आतंकियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गुहार लगाई गई।



### सुभाष सुधा ने की आतंकी हमले निंदा की

कुरुक्षेत्र। हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि देश ऐसे कठिन समय में एकजुट है और आतंकवाद से डरने या झुकने वाला नहीं है। पूर्व राज्यमंत्री ने हमले में मारे गए आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

### सीनियर सिटीजन वेलफेयर संगठन ने भी जताया रोष

शाहबाद। नगर की सीनियर सिटीजन वेलफेयर संगठन ने ब्रिलिएंट माइंड स्कूल में एकत्रित होकर पहलगाम मे हुए आतंकवादी हमले की घोर निंदा की है और सभी ने 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। सभी सदस्यों ने कहां निर्दोष पर्यटकों पर हमला कायरता पूर्वक और निंदनीय है।

## नीतीश अग्रवाल ने संभाला पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र का पदभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल ने बुधवार को जिला पुलिस अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया। पुलिस मुख्यालय पंहुचने पर उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सुनील कुमार ने पुलिस अधीक्षक महोदय का स्वागत किया। पुलिस अधीक्षक कुरुक्षेत्र के कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस मुख्यालय पर तैनात सभी अधिकारियों व शाखा प्रभारियों ने उनके कार्यालय में मुलाकात की। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अधीक्षक महोदय के पदभार ग्रहण करने के बाद पुलिस मुख्यालय पर तैनात सभी अधिकारियों व शाखा प्रभारियों से रुबरु होते हुए सभी का परिचय लिया। पुलिस अधिकारीयों/कर्मचारियों को कार्यालय में चलने वाली गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाए रखने के लिए हिदायत की। पुलिस अधीक्षक ने अपने कार्यालय में तैनात सभी अधिकारियो/ कर्मचारियों को हिदायत दी कि किसी भी शाखा में किसी भी कार्य को अनावश्यक तौर से लंबित न रखा जाए।



नीतीश अग्रवाल पुलिस अधीक्षक

## कुरुक्षेत्र में सुपर-100 योजना का दूसरा चरण शुरू, तीन बैचों में होंगी परीक्षाएं

कुरुक्षेत्र। हरियाणा सरकार की महत्वाकांक्षी सुपर-100 योजना के दूसरे चरण की परीक्षा का शेड्यूल शिक्षा विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। कुरुक्षेत्र में सुपर-100 के केंद्र बारना में यह परीक्षा तीन अलग-अलग बैचों में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी जिला विज्ञान विशेषज्ञ व सुपर-100 कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. तरसेम कौशिक ने दी। डॉ. कौशिक ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत उन मेधावी विद्यार्थियों को चयनित किया जाता है, जो सरकारी स्कूलों से 10वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। इस योजना का उद्देश्य इन प्रतिभाशाली छात्रों को नीट, जेईई मेंस जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण की परीक्षा के लिए चयनित विद्यार्थियों को तीन बैचों में विभाजित किया गया है। सफल विद्यार्थियों को तीसरे चरण में व्यक्तिगत इंटरव्यू और काउंसलिंग के लिए बुलाया जाएगा। सुपर 100 केंद्र बारना में राज्य भर से कुल 400 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। डॉ तरसेम कौशिक ने बताया कि जिला कुरुक्षेत्र से द्वितीय चरण की परीक्षा के लिए 134 विद्यार्थियों को चयनित किया गया है जो सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा में सहभागिता करेंगे। विद्यार्थियों को तीन दिन के लिए सुपर 100 केंद्र बारना में रहना होगा तथा विद्यार्थियों को अपने साथ आधार-कार्ड, दो पासपोर्ट-साइज फोटो, दसवीं की परीक्षा का एडमिट कार्ड, तथा सुपर 100 लेवल 2 की परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड लेकर आना होगा।



तरसेम कौशिक

## होनहार छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- डॉ. अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में राजकीय स्कूल में कार्यक्रम आयोजित

डॉ अम्बेडकर समाज कल्याण सभा बजीदपुर ने बाबा साहब डॉ भीम राव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में गांव के राजकीय मिडल स्कूल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया। इस समारोह में पहली से आठवीं कक्षा के उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कक्षा में और सरकार की विशेष स्कीमें एनएमएमएस और बुनियाद में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सूचना, भाषा एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ नरेंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि भारत संचार निगम के पूर्व एसडीओ लखमी चन्द रंगा, और मिडिया वेल्फेयर क्लब के प्रधान बाबूराम तुषार उपस्थित हुए। समारोह की शुरूआत जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में हुए दुखद हादसे में 28 पर्यटकों की मौत पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए हुई। इसके पश्चात, डॉ अंबेडकर को पुष्पांजलि भेंट की गई और छात्रों ने देशभक्ति गीतों और कविताओं के माध्यम से प्रस्तुति दी। डॉ जरनैल रंगा ने बताया कि वह पिछले 25 वर्षों से होनहार छात्रों को सम्मानित करने का कार्य कर रहे हैं और यह डॉ अम्बेडकर समाज कल्याण सभा का पहला सम्मान समारोह है।



कुरुक्षेत्र होनहार छात्रों को सम्मानित करते डॉ नरेंद्र सिंह व अन्य।

## रिलेशनशिप मैनेजमेंट संबंधों में मधुरता कार्यक्रम का आयोजन

शाहबाद। रिलेशनशिप मैनेजमेंट संबंधों में मधुरता कार्यक्रम में अनाज मंडी एसोसिएशन के सभी टीम ने भाग लिया जिसके अंतर्गत आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान धनपत राय अग्रवाल, भ्राता आनन्द बत्रा वाइस चेयरपर्सन, भ्राता यशपाल सिंगला सेक्रेटरी, भ्राता दीपक कुमार सिंगला, त्रिलोकचंद सिंगला जॉइंट सेक्रेटरी, संजय गर्ग जॉइंट सेकेट्री, वाइस प्रेसिडेंट नरेंद्र कुमार गर्ग, कैशियर राजेश कुमार गर्ग और विशिष्ट अतिथि भारत विकास परिषद के प्रेसिडेंट भ्राता दीपक गर्ग चार्टर्ड अकाउंटेंट भ्राता परमिल और कार्यक्रम में अतिरिक्त अतिथि विजय तुली, अशोक आहूजा ने मंच की शोभा बढ़ाई।

## बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से बांधा समां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- लिटल मिलेनियम स्कूल में मनाया 'ब्लू डे'

लिटल मिलेनियम स्कूल, अमीन रोड गली नम्बर 1 में 'ब्लू डे' का रंगारंग और उल्लासपूर्ण आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चे नीले रंग की सुंदर पोशाकों में स्कूल पहुंचे और पूरे वातावरण को जैसे नीले आसमान की तरह सजीव कर दिया। स्कूल को नीले रंग के गुब्बारों, झंडियों और सजावटी वस्तुओं से सजाया गया था, जिससे हर कोना नीली रोशनी में नहाया हुआ प्रतीत हो रहा था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों को रंगों की पहचान करवाना और उनमें रंगों के प्रति रुचि उत्पन्न करना था। बच्चों ने ब्लू बॉल, ब्लू कार, ब्लू फ्लावर आदि वस्तुओं की पहचान की और रंग से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम को और भी रोचक बनाने के लिए शिक्षिकाओं ने विभिन्न गतिविधियां आयोजित की। भावना और सिमरन ने बच्चों को ब्लू डे पर सुंदर डासं करवाया और नीले रंग से संबंधित रोचक कहानियाँ सुनाईं। इस अवसर पर स्कूल की उछड, कमलप्रित ने नीले रंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नीला रंग विद्यालयी वातावरण में शांति, अनुशासन और एकाग्रता का प्रतीक हनीला रंग विश्वास, ईमानदारी और संतुलन को दशार्ता है, इसी कारण से यह कई स्कूलों की यूनिफॉर्म में प्रयुक्त होता है।



## पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की नृशंस हत्या के विरोध में कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

पिहोवा के ऐतिहासिक रामलीला भवन में आज का दिन भावनात्मक और ऐतिहासिक दोनों रहा, जब शिव सेना हिंदुस्तान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पवन गुप्ता और जग ज्योति दरबार बिजड़पुर के पूज्य महंत राजेंद्र पुरी जी महाराज विशेष कार्यक्रम में शामिल हुए, जो पश्चिम बंगाल में हिंदुओं की हो रही हत्याओं के विरोध में आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत पहल गांव में हुई हिंदुओं की नृशंस हत्या के प्रति श्रद्धांजलि स्वरूप दो मिनट का मौन रखकर की गई, जिससे समस्त वातावरण गमगीन हो उठा और उपस्थित जनसमूह की आंखें नम हो गईं। इसके पश्चात कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। पवन गुप्ता ने देश में हिंदुत्व की रक्षा, युवाओं को संगठन से जोड़ने, सामाजिक बुराइयों से लड़ने और राष्ट्रहित में एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**उपलब्धि** — माता-पिता और शिक्षकों को दिया सफलता का श्रेय

# साहिल धनखड़ ने यूपीएससी में 245वीं रैंक की हासिल, बधाई देने वालों का लगा तांता

साहिल के पिता बिजेंद्र धनखड़ ईटीओ के पद पर कार्यरत है और माता दीपिका गृहिणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

यूपीएससी परीक्षा में कुरुक्षेत्र सेक्टर 3 निवासी साहिल धनखड़ ने अपने चौथे प्रयास में 245 ऑल इंडिया रैंक हासिल की है। साहिल ने 8वीं कक्षा तक डीएवी स्कूल कुरुक्षेत्र में और उसके बाद 12वीं कक्षा तक की शिक्षा डीएवी स्कूल चंडीगढ़ से उत्तीर्ण की। वर्ष 2019 थापड़ यूनिवर्सिटी पटियाला से बीटेक की। साहिल की सफलता से पूरा परिवार बहुत खुश है। घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। साहिल के पिता बिजेंद्र धनखड ईटीओ के पद पर कार्यरत है और माता दीपिका गृहिणी है। साहिल की बड़ी बहन मनीषा यूएसए में एमबीए कर रही है। साहिल धनखड़ ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया। साहिल धनखड़ ने बताया कि बीटेक करने के बाद उन्होंने बैंगलोर में अमेरिकन एक्सप्रेस में 13.5 लाख सालाना पैकेज पर जॉब की। साहिल धनखड़ ने बताया कि अप्रैल 2025 में हुए साक्षात्कार में उनका चयन इंडियन फोरेस्ट ऑफिसर के पद पर हुआ था लेकिन उन्होंने एक्सटेंशन ले ली। साहिल धनखड़ ने बताया कि यूपीएससी का पहली बार परीक्षा में असफल होने पर वे दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी करने लगे। वे तीन साल से दिल्ली में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। रोजाना 7 से 8 घंटे तक पढ़ाई करते थे और सुबह लाइब्रेरी में जाते थे। दिल्ली में टेस्ट सीरिज की। साहिल का कहना है कि कड़ी मेहनत व लग्न से किसी भी मुकाम को पाया जा सकता है। इस मौके पर दादी ओमपती, पिता बिजेंद्र कुमार, माता दीपिका, सुमन, निर्मला, जोगेंद्र, अनिल, नरेश सैनी, रामेश्वर धीमान, नगर पार्षद दुष्यंत बख्शी, नगर पार्षद पंकज खन्ना मौजूद रहे।




कुरुक्षेत्र। परिजनों के साथ साहिल

### दादा व पिता से मिली प्रेरणा

*साहिल धनखड़ ने बताया कि उनकी प्रशासनिक सेवा में आने की प्रेरणा दादा व पिता से मिली। उनके दादा इटीओ थे और उनके पिता भी इटीओ है। इसलिए उन्होंने भी नौकरी में जाने का मन बनाया। अमेरिकन एक्सप्रेस में काम करते हुए हालांकि पैकेज अच्छा था लेकिन में देश सेवा की भावना थी। कोविड के बाद यह भावना ओर ज्यादा बढ़ गई।*

### ऋषभ मित्तल ने पांचवे अटेंप्ट में की परीक्षा पास

कुरुक्षेत्र। लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को सिविल सेवा परीक्षा 2024 का अंतिम परिणाम घोषित किया। इसमें ऋषभ मित्तल ने 363वी रैंक हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। रिषभ मित्तल का कहना है कि इस सफलता के पीछे कड़ी मेहनत और लगन से पढ़ाई है। कुरुक्षेत्र के सेक्टर 7 निवासी ऋषभ मित्तल ने पांचवे एंटेप्ट में यूपीएससी में सफलता हासिल कर ली है। ऋषभ मित्तल ने वर्ष 2014 में 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई अग्रसेन पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र से की। इसके बाद वर्ष 2018 में दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी से बीटेक की पढ़ाई की। वर्तमान में ऋषभ मित्तल अंबाला कैंट में रक्षा लेखा विभाग में लेखा परीक्षक के रूप में कार्यरत हैं। ऋषभ की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद भी वह संतुष्ट नहीं हुए और इसके बाद उन्होंने प्रतियोगिता की तैयारी करना शुरू की और 2020 में वह प्री क्लियर नहीं कर सके। उन्होंने दोबारा प्रयास कराना शुरू किया और 2022 में सुधार करते हुए साक्षात्कार तक पहुंचे, लेकिन सफल नहीं हो सके। उन्होंने आईपीएस बनने के अपने सपने को सच करने के लिए पांचवी बार प्रयास किया और सफलता को अपने कदमों में ला रखा। अपनी तैयारी के दौरान उन्होंने वैकल्पिक पेपर की तैयारी ऑनलाइन की। जॉब के दौरान कार्य से छुट्टियां लेकर तैयारी की। ऋषभ मित्तल के पिता रविंद्र मित्तल बैंक में चीफ ऑफिसर है और माता सुनीता मित्तल गृहिणी है। बहन व जीजाजी गुड़गांव में सरकारी नौकरी में है।



ऋषभ मित्तल।

# पहलगाम हमले की कड़ी आलोचना, विज बोले आतंकियों को मिलेगा करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कांग्रेस जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जमकर आलोचना हो रही है। इस हमले में 26 लोगों की आतंकियों ने निर्ममता से हत्या की है। राज्य सरकार के नुमाइंदों के साथ विपक्षी दलों ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है।

### माफ़ नहीं किया जाने वाला अपराध : जैन

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष रोहित जैन की अगुवाई में आतंकी हमले मे शहीद हुए 26 लोगों को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। जैन ने कहा कि यह रूह कंपा देने वाली वारदात है। यह अपराध करने वाले आंतकियो के कभी माफ़ नहीं किया जा सकता।

## विपक्षी दलों के नेताओं ने केंद्र सरकार को दी नसीहत, बयानबाजी की बजाय ठोस कार्रवाई करें



पहलगाम में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि देते वकील व अन्य।

### पहलगाम आतंकी हमला इंसानियत पर जघन्य प्रहारः निर्मल सिंह



*अंबाला शहर से विधायक व पूर्व मंत्री निर्मल सिंह ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह इंसानियत की आत्मा पर कड़ा प्रहार है। उन्होंने कहा कि यह आतंकी हमला बेहद निंदनीय है। हमारी सेनाएं आतंकवादियों का बहादुरी से सामना करती हैं। सरकार केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति सामान्य होने के खोखले दावे करने के बजाय आतंकी हमले की जिम्मेदारी ले। सिंह ने कहा कि केंद्र को राजनीतिक दलों को विश्वास में लेने के लिए एक सर्वदलीय बैठक बुलाए जाने की मांग की ताकि आतंकवाद से निपटने के लिए हल निकाला जा सके। पूरा देश सीमा पार आतंकवाद के खतरे से लड़ने के लिए एकजुट है। ये कायरतापूर्ण लक्षित हमले मानवता पर एक धब्बा हैं। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के परिवारों के प्रति उनकी गहरी संवेदनाएं हैं। हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है।*

### कायराना हरकत बर्दाश्त नहीं करेगा देशः गोयल



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे आतंकियों की एक कायराना हरकत बताया। गोयल ने इस हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि देश इस हमले का मुंहतोड़ जवाब देगा और देश की सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा।

## पहलगाम में हुआ पर्यटकों पर हमला बहुत दुखदायी घटनाः विज



**अंबाला।** परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर बड़े आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कि यह बहुत दुखदाई घटना है। उन्होंने कहा कि घटना में प्रदेश के एक नेवी लेफ्टिनेंट भी अपनी जान गंवा चुका है। आतंकियों ने नाम पूछ-पूछ कर यह हत्या की। विज ने कहा कि इस तरह की घटना करने के लिए इन्हें पूरी तरह से तैयार करके लाया जाता है।

इनसे वह घटनाएं करवाई जाती हैं जिनका असर सबसे ज्यादा हो लेकिन इनका जवाब दिया जाएगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इस घटना को लेकर एक बयान दिया जिसमें उन्होंने कहा कि सरकार खोखले दावे करने की बजाय है इनपर कार्रवाई करें।

इस बयान पर मंत्री अनिल विज ने कहा कि राहुल गांधी देश की परंपराओं से वाकिफ नहीं हैं। जब इस प्रकार की कोई घटना होती है या बाहरी हमला होता है तो सभी राजनेताओं को मतभेद भुलाकर एक साथ सरकार के साथ खड़ा होना चाहिए न कि इस प्रकार के बयान देने चाहिए। उन्होंने कहा कि हम लड़ेंगे और सब मिलकर लड़ेंगे तभी छुटकारा मिलेगा।

## खबर संक्षेप

### चोरी के मामले में आरोपी काबू, रिमांड पर भेजा

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-1 ने आरोपी परवेज कुरैशी उर्फ बिल्ला को गिरफ्तार किया है। उसे दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। बिंजलपुर के राहुल कुमार ने 25 फरवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 24/25 फरवरी 2025 की रात्रि आरोपी ने उसकी व राकेश कुमार की भैंस चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### स्नेचिंग के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज स्नेचिंग के मामले में सीआईए शहजादपुर ने आरोपी गुलशन कुमार को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। धनाना गांव के विजय कुमार ने 17 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि मच्छी मार्केट से आरोपी ने उससे मोबाइल व नकद राशि छीन ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### तस्करी में हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर क्षेत्र के नग्गल करधान रोड के नशा तस्करी के मामले में सीआईए-2 एक आरोपी महिला को 25 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करती है। इसी आधार पर पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपी महिला को काबू किया। तलाशी के दौरान ही उसके कब्जे से हेरोइन जब्त की गई।

### गर्मी व हीट वेव से बचाव रखें लोग

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि गर्मी के मौसम में



गर्म हवा और बढ़े हुए तापमान से लू (हीट वेव) लगने का खतरा बढ़ जाता है, खासकर धूप में घूमने वालों, खिलाड़ियों, बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को लू लगने का डर ज्यादा रहता है। लू लगने पर उसके इलाज से बेहतर है, हम लू से बचे रहें यानी बचाव इलाज से बेहतर है। जिला प्रशासन द्वारा जनहित में लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है, जिसका सभी पालन करते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा बनाए रखें।

## पिछले दिनों तूफान व आगजनी की घटनाओं में 800 एकड़ फसल जलकर स्वाहा: राणा

# कृषि मंत्री ने मंडियों का किया औचक निरीक्षण, अगले सीजन से अंबाला में होगी सूरजमुखी की खरीद

बोले पीड़ित किसानों को आर्थिक मदद का सरकार कर रही है प्रयास, किसान से भी उसकी फसल फसल की जानकारी ली

- आढतियों, किसानों व एजेंसियों के अधिकारियों से बातचीत की



**अंबाला।** शहर अनाजमंडी में गेहूं की जांच करते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

### 53000 मीट्रिक टन गेहूं की हुई खरीद

डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह ने बताया कि अंबाला शहर अनाज मंडी में 22 अप्रैल तक 53000 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की जा चुकी है। इसमें हैफेड द्वारा 42000 मीट्रिक टन व डीएफएससी द्वारा 11000 मीट्रिक टन गेहूं खरीद शामिल हैं। इसके साथ-साथ यहां पर 61 प्रतिशत गेहूं खरीद की लिफ्टिंग भी हो चूकी है। किसानों की फसल का भुगतान भी समयबद्ध तरीके से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि अंबाला छावनी अनाजमंडी में 70 प्रतिशत गेहूं की खरीद की लिफ्टिंग हो चूकी है। वेयर हाउस द्वारा भी उठा का कार्य बेहतर तरीके से किया जा रहा है। मौके पर पूर्व प्रधान दूनी चंद, आढ़ती राजेंद्र बंसल, आढ़ती गौरव, आढ़ती नरेश मित्तल, आढ़ती शेरपाल, आढ़ती अंकूर, विशाल राणा, असीम कुमार, सचिव दलेल सिंह, सचिव नीरज भारद्वाज, हैफेड से मैनेजर विजय ढिल्लों भी मौजूद थे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

कृषि एवं कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बुधवार को अनाजमंडियों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने गेहूं की ढेरी पर जाकर फसल की नमी को भी चेक किया। मौके पर उपस्थित किसान से भी उसकी फसल खरीद के साथ-साथ तुलाई, फसल का भुगतान व अन्य कोई समस्या की जानकारी ली। यहां पहुंचने पर एसडीएम दर्शन कुमार, मंडी एसोसिएशन के प्रधान मक्खन लाल गोयल, सचिव दलेल सिंह, डीएम हैफेड देवेंद्र सिंह व अन्य ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। राणा ने इस मौके पर आढ़तियों से भी बातचीत करते हुए मंडी में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। आढ़ती एसोसिएशन की तरफ से कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के समक्ष मांग रखी गई कि अगले सीजन में सूरजमुखी की खरीद शहर अनाजमंडी से हो। मंडी के साथ लगती न्यू मंडी टाउनशिप की लगभग 14 एकड़ जो भूमि है उसे मंडी बोर्ड को दिलवाया जाए ताकि सीजन में बाहर गेहूं न रखना पड़े। इसके साथ-साथ किसान की फसल खरीद जुड़े विभागीय पोर्टल हैं उस पोर्टल के माध्यम से पंजाब के किसान भी यहां पर मंडियों में अपनी गेहूं बेच सकें। इस व्यवस्था को भी आढ़तियों ने लागू करने का आग्रह किया। मंत्री ने आढतियों की सूरजमुखी की खरीद से जुड़ी मांग पर उच्च अधिकारी से फोन पर बात करके कहा कि अगले सीजन में उनकी सूरजमुखी की फसल की खरीद यही से की जाए। इसके साथ-साथ मंडी के साथ जो भूमि है उसके लिए प्रस्ताव तैयार करके भेजें ताकि उसे सरकार को भेजा जा सके। मंत्री श्याम सिंह राणा ने अनाजमंडी अंबाला छावनी का भी दौरा करते हुए विस्तार से जानकारी ली। इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि गेहूं खरीद कार्य को लेकर उन्होंने मंडियों में आढतियों, किसानों, सरकारी अधिकारियों व एजेंसियों के अधिकारियों से भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि अंबाला छावनी अनाजमंडी में आढतियों की यहां पर सूरजमुखी की खरीद से पहले यहां पर शैड खाली रहने की व्यवस्था करवाने की बात पर मंत्री ने अधिकारियों को कहा कि इस विषय पर बेहतर समन्वय के साथ कार्य करें।



पूर्व मंत्री असीम गोयल का अभिनंदन करते कॉलेज प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

## एमडीएसडी कॉलेज में नए प्रबंधन का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज में पूर्व मंत्री असीम गोयल के कर कमलों द्वारा प्रबंधन कक्ष का उद्घाटन किया गया। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान अरविंद अग्रवाल ने पुष्पगुच्छ देकर मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर डिप्टी मेयर राजेश मेहता, मंडल अध्यक्ष गुरविंदर सिंह, सीनियर डिप्टी मेयर सुंदर ढींगरा, महामंत्री संजीव गोयल, निगम सदस्य जसबीर, सरदूल सिंह, राकेश सिंगला उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने यहां अपने संबोधन में कॉलेज के निरंतर विकास के लिए सराहना की। उन्होंने भविष्य में कालेज को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। कॉलेज की प्रिंसिपल करमजीत कौर ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने पूर्व मंत्री असीम गोयल व कॉलेज प्रबंधन समिति के सहयोग के लिए भी आभार जताया। अवसर पर एसडी सभा के प्रधान संत लाल , ट्रेजर अनित बिंदल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. उज्जवल के द्वारा स्वागत गीत से की गई। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. सीमा सिंघल ने किया। जनसंपर्क अधिकारी की भूमिका डॉ. कौशल चौहान ने निभाई। सभा प्रधान नरेश अग्रवाल, आशीष बंसल , संजीव स्वामी , विनोद बंसल , जय गोपाल , अनुभव अग्रवाल समेत पूरा स्टाफ भी मौके पर मौजूद रहा।

## पोस्टर लगाने वालों के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण

- बोले बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन की जमीन कब्जे की रच रहे साजिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला



पूर्व मंत्री असीम गोयल के खिलाफ़ पोस्टर लगाने के मामले में एक ओर नया मोड़ आ गया है। शहर के बहबलपुर गांव के लोग बड़ी संख्या में इक्कठा होकर सामने आए। गांव के तीन व्यक्तियों द्वारा पूर्व मंत्री पर लगाए जा रहे आरोपों को सिरे से नकार दिया। गांव के पूर्व सरपंच समेत गांव के ज्यादातर ग्रामीणों ने एक स्वर में आरोप लगाने वाले व इच्छा मृत्यु मांगने वाले तीनों व्यक्तियों को ही इस प्रकरण का जिम्मेदार बताया। कहा कि असल में ये मामला पंचायत की जमीन पर बने बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर भवन का है। जिस पर गांव के तीन व्यक्ति कब्जा करना चाहते हैं। इसीलिए ये बार बार भवन के निर्माण में रोड़ा अटकाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि ये लोग अजनता व प्रशासन को गुमराह करने के लिए तरह तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जबकि पूरा बहबलपुर गांव एक तरफ़ है। ये तीन व्यक्ति एक तरफ हैं। गांव के लोगों ने बताया कि इन लोगों पर दर्ज हुए मुकदमें भी सही हैं। पूर्व मंत्री असीम गोयल का इस मुद्दे से कोई लेना देना नहीं है।

यह मामला पूरी तरह गांव की पंचायत और इन तीन लोगों के बीच का है जो अंबेडकर भवन की जगह कब्जाना चाहते हैं।

### नवनियुक्त एसपी अजीत शेखावत ने संभाला कार्यभार

## आमजन को न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता: एसपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

नवनियुक्त एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बुधवार को कार्यभार संभाल लिया। इससे पहले अजीत सिंह शेखावत एसपी सिक्योरिटी-1 के पद पर तैनात थे। उनके पास हरियाणा शस्त्र पुलिस प्रथम वाहिनी अंबाला में आदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी था। शेखावत इससे पहले भिवानी व पानीपत में भी बतौर एसपी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार संभालते ही एसपी ने सभी पुलिस अधिकारियों व प्रबंधक थाना को निर्देश दिए कि सभी अपना कार्य पूर्णनिष्ठा व ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा पूरा प्रयास रहेगा कि उनकी नियुक्ति के दौरान जिला भ्रष्टाचार एवं अपराध मुक्त रहे। किसी भी संज्ञेय अपराध के होना पाए जाने पर पुलिस बिना देरी के ईमानदारी से उचित कार्रवाई करे जिससे आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। आमजन को न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता रहेगी ।



**अंबाला।** एसपी अजीत सिंह शेखावत का अभिनंदन करते पुलिस अधिकारी

## प्रकृति के बढ़ते दोहन पर शिक्षकों ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाल



पृथ्वी दिवस पर पौधारोपण करते छात्र व शिक्षक।

डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विस ऑर्थोरिटी (डालसा) व इको क्लब के सौजन्य से किया गया। इस अवसर पर पौधारोपण, पेंटिंग, स्लोगन और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । कार्यक्रम की शुरुआत प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन और गोल्डी सहगल, पैरालीगल वालंटियर के द्वारा पौधारोपण के द्वारा की गई। प्राचार्य प्रोफ़ेसर राजीव महाजन ने प्रकृति के बढ़ते दोहन पर चिंता जताई। उन्होंने विद्यार्थियों को पृथ्वी दिवस का महत्व समझाते हुए कहा कि पृथ्वी को स्वच्छ और स्वस्थ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। लीगल लिटरेसी सेल के संयोजक डॉ. सुखदेव सिंह ने बताया कि इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया गया। बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पृथ्वी संरक्षण से जुड़े विभिन्न संदेश अपने पोस्टर, स्लोगन और निबंध लेखन के माध्यम से प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफ़ेसर शांत कौशिक, डॉ गरिमा सुमरान और डॉक्टर अतिमुक्त ने निभाई। इको क्लब प्रभारी डॉ नरेंद्र कुमार ने छात्रों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रियंका चौधरी व प्रोफेसर खुशबू, कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ की सह सर्योजिका प्रोफेसर शालू गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई ।

## महापुरुषों के जयंती समारोह हमें इतिहास और संस्कृति से कराते हैं रूबरूः कश्यप

हरिभूमि न्यूज ⏭ लाडवा



विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सभी धार्मिक गुरुओं की राज्य स्तरीय जयंती समारोह मनाने का निर्णय लिया है, जो अपने आप में ऐतिहासिक निर्णय है। हमें चाहिए कि किसी भी स्थान पर किसी महापुरुष की जयंती समारोह आयोजित हो, वहां पर अवश्य जाना चाहिए। ऐसे समारोह में जाने से हमें अपने पूर्व इतिहास के बारे जानकारी मिलती है और हम अपनी पुरानी संस्कृति से रूबरू होते हैं। हमें जीवन जीने का आध्यात्मिक ज्ञान प्राप्त होता है।

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप बुधवार को गांव मुनियारपुर, बन, बनी और छैलों में 23 मई 2025 को लाडवा में आयोजित होने वाली महर्षि कश्यप जयंती समारोह के लिए निमंत्रण देने पहुंचे थे।

### प्रकृति हमारी माता है और इसका संरक्षण करना हम सबका समान कर्तव्य : डॉ. सुषमा

कुरुक्षेत्र। यूएसएफ कुरुक्षेत्र द्वारा डॉ. सुषमा शर्मा के मार्गदर्शन में /"विश्व पृथ्वी दिवस/" के उपलक्ष्य में एक ऑनलाइन सत्र का आयोजन किया गया। इस वर्ष का थीम /"हमारी शक्ति, हमारा ग्रह रहा। सत्र में कुल 46 प्रतिभागियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। डॉ. सुषमा शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ह्लयह प्रकृति हमारी माता के समान है। इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए और प्लास्टिक के प्रयोग को कम से कम करना चाहिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## बीए तृतीय वर्ष की कनिका बनी मिस फेयरवेल

हरिभूमि न्यूज :बराड़ा



**बराड़ा।** विदाई पार्टी में हिस्सा लेने वाली छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन कॉलेज के आर्ट्स विभाग की इंचार्ज डॉ. सुषमा रानी और डॉ. नवनीत कौर की देखरेख में बीए और बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्राओं द्वारा अपने सीनियर बीए तृतीय वर्ष एवं बीएससी तृतीय वर्ष की छात्राओं के सम्मान में किया गया।

विदाई समारोह में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने माहौल को उल्लासमय बना दिया। छात्राओं ने नृत्य, गीत, कविता और कॉलेज में बिताए पलों को साझा कर सभी को भावुक कर दिया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को आशीर्वचन देते हुए कहा, "हमने हमेशा आपको एक सकारात्मक, प्रेरणादायक और सहयोगी वातावरण देने का प्रयास किया है। जीवन की चुनौतियों से न डरें, उन्हें पूरे आत्मविश्वास और जोश के साथ स्वीकार करें।" समारोह में सभी शिक्षकों ने भी छात्राओं को अपने लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए कठोर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। इस मौके पर बीए तृतीय वर्ष की कनिका को ₹मिस फेयरवेल₹ और तानिया को ₹मिस ब्यूटीफुल₹ का खिताब मिला।

बीएससी विभाग से कीर्ति को 'मिस फेयरवेल' और गुरप्रीत कौर को 'मिस ब्यूटीफुल' चुना गया।



### महान लेखक थे, विलियम शेक्सपियरः सैनी

**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज में अंग्रेजी विभाग के तत्वावधान में विश्व के महान लेखक विलियम शेक्सपियर के जन्म दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी, अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ सीमा शर्मा, स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र के समक्ष श्रृद्धा सुमन अर्पित किए। विलियम शेक्सपियर की महानता पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने कहा कि वह विश्व के महान लेखक थे। विश्व की लगभग सभी भाषाओं में उनकी पुस्तकों का अनुवाद किया गया है। डॉ सीमा शर्मा ने कहा कि उनकी महानता इस बात पर है कि वह 16 वीं शताब्दी के लेखक थे। जिसकी आज 21वीं शताब्दी में भी प्रासांगिकता है। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका डॉ पूनम वर्मा, डॉ ममता, डॉ अमोल रत्न मारवाह, डॉ सुरभि, डॉ राधिका, सहित स्टाफ सदस्य एवं विद्यार्थी मौजूद थे।